विकास कार्य की प्रगति

816. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में गत कुछ वर्षों से योजनानुसार विकास कार्य किया जा रहा है ; और

(ख) क्या सरकार बेरोजगार युवकों की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगाने के लिए भावी पंचवर्षीय योजनाओं के स्वरूप में परिवर्तन करने का विचार रखती है ?

प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री कमल मोरारका) : (क) जी, हां।

(ख) राष्ट्रीय विकास परिषद द्वारा तथा अनुमोदित आठवी पंचवर्षीय योजना के दृष्टिकोण के अनुसार निर्धारित प्राथमिकताओं में से एक प्राथमिकता रोजगार जुटाने के संबंध में है, उक्त प्राथमिकता निवेश की प्रवृत्ति में समुचित परिवर्तन करके श्रम के अधिकाधिक उपयोग के लिए होगी।

बेरोजगारों की बढ़ती हुई प्रवृत्ति

817. **श्री राम जेठमलानी :**

सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं के कार्यान्वित किए जाने के बावजूद देश में बेरोजगार युवकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है

(ख) यदि हां, तो प्रत्येक पंचवर्षीय योजना के अंत में बेरोजगार युवकों की संख्या कितनी रही है ; और

(ग) आगामी योजना के अंत तक बेरोजगार लोगों की अनुमानित संख्या कितनी है ?

श्रम मंत्रालय में राज्य मंत्री और कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामजी लाल सुमन) : (क) और (ख) छठी और सातवीं पंचवर्षीय योजनाओं (1980–85 और 1985–90) के आरम्भ में, देश में 54 आयु वर्ग में सामान्यतः क्रमशः 120 और 92 लाख व्यक्तियों के बेरोजगार होने का अनुमान था। मार्च, 1990 के लिए, ये आंकडे लगभग 131 लाख होने का अनुमान लगाय गय है। पूर्ववर्ती योजनाओं के लिए ऐसे अनुमान या तो नहीं लगाए गए या अतुलनीय थे।

(ग) अनुमान उपलब्ध नहीं है।

बेरोजगार युवकों की संख्या में वृद्धि

818. **डा० जितेन्द्र कुमार जैन :**
श्री बलराम सिंह यादव :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत दो दशकों में बेरोजगार युवकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है

(ख) यदि हां, तो देश में वर्ष 1970 में बेरोजगार युवकों की संख्या कितनी थी ;

(ग) देश में वर्ष 1989 के अंत में ऐसे बेरोजगार युवकों की संख्या कितनी थी ; और

(घ) विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं के अधीन गत दो दशकों के दौरान अनुमानित कितने युवकों को रोजगार दिया-गया था ?

श्रम मंत्रालय में राज्य मंत्री और कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामजी लाल सुमन) : (क) से (ग) 5 वर्ष और कितने ऊपर की आयु ग्रुप